हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, गुरुवार 9 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री से.
न्यूनतम 26.0 डिग्री से.

10 बेटियों को शिक्षित व आत्मनिर्भर बनाना....



10 मतदाता सूची को शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाने...






## खबर संक्षेप

### 11.32 ग्राम स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

**जींद**। हरियाणा नारकोटिक्स टीम ने मलिकपुर में एक मकान पर दस्तक देकर 11.32 ग्राम स्मैक बरामद कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। सदर थाना सफीदों पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। टीम को सूचना मिली थी कि गांव मलिकपुर निवासी प्रगट सिंह नशीले पदार्थों का कारोबार करता है। सूचना के आधार पर टीम ने प्रगट सिंह के घर पर दस्तक दी। पुलिस कर्मियों ने जब आंगन मे रखे तख्त पर बिछी दरी को उठा कर देखा तो उसके नीचे 11.32 ग्राम स्मैक बरामद हुई।

### अवैध असलहा के साथ एक युवक गिरफ्तार

**जींद**। सीआईए स्टाफ सफीदों ने गांव हाट अनाज मंडी के निकट एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से एक पिस्तौल बरामद किया है। सदर थाना सफीदों पुलिस ने शिकायत के आधार पर युवक के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि गांव हाट अनाज मंडी के निकट युवक अवैध असलहा के साथ खड़ा हुआ है। जो कहीं जाने की फिराक में है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए युवक को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर युवक के कब्जे से एक पिस्तौल बरामद हुआ।

### 30 हजार की नकदी व जरूरी दस्तावेज चोरी

**जींद**। गांव फुलियां कलां में चोरों ने बैठक से नकदी तथा जरूरी दस्तावेजों को चोरी कर लिया। सदर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज किया है। गांव फुलिया कलां निवासी सुनील ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने अपने अपने पर्स को बैठक में चारपाई पर तकिये के नीचे रखा हुआ था। पीछे से चोरों ने पर्स को चोरी कर लिया। पर्स में 30 हजार रुपये की नगदी तथा जरूरी दस्तावेज थे।

### चोरी की मोटरसाइकिल सहित आरोपी गिरफ्तार

**जींद**। थाना शहर सफीदों पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। थाना शहर सफीदों के प्रभारी राजकुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना शहर सफीदों में गांव मुआनानिवासी अनिल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया थाकि उसकी मकबरा पीर से बाइक चोरी हो गई थी। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए गुरूद्वारा कालोनी निवासी शुभम उर्फ  शुगनी को प्रोटक्शन वारंट पर लेकर आरोपित की निशानदेही पर चोरीशुदा मोटरसाइकिल को नियमानुसार बरामद कर लिया है।

### स्कूटी की टक्कर से बाइक सवार घायल

**जींद**। गांव लोन के निकट तेज रफ्तार स्कूटी की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति घायल हो गया। गढ़ी थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव धमतान निवासी संदीप ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि वह बाइक पर सवार होकर नरवानाकी तरफ घर लौट रहा था। गांव लोन के निकट तेज रफ्तार स्कूटी ने बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें वह घायल हो गया। स्कूटी चालक की पहचान टोहाना निवासी कुलदीप के रूप में हुई। गढ़ी थाना पुलिस ने घायल संदीप की शिकायत पर बाइक चालक कुलदीप के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## मुख्यमंत्री ने जींद में रेलवे जंक्शन का निरीक्षण करने के बाद पत्रकारों से की बातचीत

# ईको फ्रेंडली होगी रैली, नहीं होगा पेट्रोल और डीजल के वाहनों का इस्तेमाल : नायब सैनी

### जींद में प्रस्तावित प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर पहुंचे थे सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब-जब हरियाणा प्रदेश में आए हैं तो करोड़ों की सौगातें दी हैं। इस बार भी प्रधानमंत्री 17 जुलाई को जींद की पावन धरा पर आ रहे हैं। इस दिन प्रधानमंत्री जहां जींद को देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन की सौगात देंगें वहीं प्रदेश को भी करोड़ों रुपये की परियोजनाओं की सौगात मिलेगी। हाइड्रोजन ट्रेन को जींद से सोनीपत तक चलाया जाएगा। जो देश का अहम प्रोजेक्ट है। मुख्यमंत्री नायब सैनी बुधवार को जींद में 17 जुलाई को प्रस्तावित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे को लेकर पहुंचे थे। सीएम नायब सैनी ने रेलवे जंक्शन पर जाकर निरीक्षण किया और दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने जींद में पत्रकारों से बाचतीत में कहा कि प्रधानमंत्री का यह दौरा हरियाणा के लोगों के लिए गौरव का दिन होगा। अलग-अलग क्षेत्र में कई परियोजनाओं के ओर विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास इस दिन प्रधानमंत्री द्वारा किया जाएगा। रैली की सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इस रैली को पूरी तरह ईको फ्रेंडली बनाया जाएगा। रैली में पेट्रोल और डीजल वाहनों का इस्तेमाल बिल्कुल नहीं किया जाएगा। रैली में जो भी वाहन आएंगे वो या तो इलेक्ट्रिक होंगे या सीएनजी के होंगे। इसके अलावा ई रिक्शा, साइकिल और अन्य पर्यावरण अनुकूल विकल्पों का भी इस्तेमाल किया जाएगा। और अलग-अलग स्थानों पर एलईडी स्क्रीन लगा कर कार्यकर्ता और जनता प्रधानमंत्री के उद्बोधन को सुन सकें, इसके भी इंतजाम किए गए हैं।

## प्रदेश में अलग-अलग स्थानों पर एलईडी स्क्रीन लगाकर कार्यकर्ता और जनता सुनेगी प्रधानमंत्री का उद्बोधन



जींद। रैली स्थल का निरीक्षण करते हुए सीएम नायब सैनी। फोटो :हरिभूमि

### चैनत को पानी देना सरकार की जिम्मेदारी

जींद पहुंचे हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने चैनत गांव को लेकर पूछे गए सवाल पर कहा कि सरकार का प्रयास है कि हर घर को पानी देना, उसका काम कर रहे हैं। चैनत गांव के लोगों को बुलाया गया था। मंत्री महिपाल ढांडा व रणबीर गंगवा व विधायक विनोद भ्याना भी गए थे। 450 ऐसे डिग्गी हैं, जिसमें सेम का पानी आ गया। हमने कहा कि 450 डिग्गी को वाटर प्रूफ इनकी रिपेयर करवा कर काम करेंगे। चैनत वाली का टैंडर भी हो गया। डायरेक्ट पाइप गांव को देने के लिए कहा। चैनत गांव को पानी देना सरकार की जिम्मेवारी है। गांव के लोग मिले और कहा कि पानी कम आता है। पीने के लिए पानी की कमी नही रहने देंगे।

### ये रहे मौजूद

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण पंवार, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी, सहकारिता मंत्री डा. अरविंद शर्मा, शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण लाल मिड्ढा, राज्यसभा सांसद संजय भाटिया, सुभाष बराला, विधायक रामकुमार गौतम, देवेन्द्र अत्री, विनोद भ्याणा, पूर्व संसदीय सचिव डुड़ाराम, पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु के अलावा मुख्यमंत्री के मीडिया कोर्डिनेटर अशोक छाबड़ा, पूर्व विधायक मनीष ग्रोवर, प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र पूनिया, भाजपा जिला प्रभारी मदन लाल गोयल, भाजपा जिला अध्यक्ष तेजेंद्र दूल, चेयरमैन कैप्टन योगेश बैरागी, भारत भूषण टांक सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री की रैली को लेकर सीएम सैनी ने जांची तैयारियां

**जींद**। 17 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दूसरी बार जींद की पावन धरा पर आ रहे हैं। इस दिन प्रधानमंत्री देश की पहली हाइड्रोजन फ्यूल सेल से चलने वाली ट्रेन को हरी झंडी दिखा कर रवाना करेंगे। साथ ही प्रदेश को हजारों करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात भी देंगे। हाइड्रोजन ट्रेन जींद से सोनीपत के बीच चलेगी। इस दिन पीएम की विशाल रैली प्रस्तावित है। रैली की तैयारियों को लेकर प्रशासनिक अमला और सत्ता पक्ष तैयारियों में जुटा हुआ है। रैली को सफल बनाने और व्यवस्थाओं को परखने के लिए सीएम नायब सिंह सैनी बुधवार को खुद जींद पहुंचे। सीएम ने दोपहर बाद जींद रेलवे स्टेशन, हाइड्रोजन प्लांट और प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने जिला प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर सभी व्यवस्थाएं समय पर पूरी करने के निर्देश दिए। इस दिन पीएम मोदी देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखा कर शुरू करेंगे। यह ग्रीन मोबिलिटी की दिशा में भारतीय रेलवे का सबसे बड़ा कदम है। यह ट्रेन पूरी तरह प्रदूषण मुक्त होगी।

### ये सौगाते देंगे



हाइड्रोजन ट्रेन के अलावा प्रधानमंत्री वर्चुअली कई अन्य परियोजनाओं को जनता को समर्पित करेंगे। इनमें कुरुक्षेत्र एलिवेटेड रेलवे ट्रैक का उद्घाटन लागत करीब 350 करोड़, भिवानी और नारनौल के नए सरकारी मेडिकल कॉलेजों का उद्घाटन, अंबाला में बना 1857 का शहीद स्मारक लागत 600 करोड़, दिल्ली-जम्मू-कटरा एक्सप्रेसवे का हरियाणा वाला हिस्सा और अंबाला-काला अंब ग्रीनफील्ड कॉरिडोर तथा कुरुक्षेत्र में बनने वाले आधुनिक सिख म्यूजियम का शिलान्यास भी करेंगे। बारिश के मौसम को देखते हुए सीएम ने अधिकारियों को वाटर प्रूफ टेंट लगाने और रैली स्थल पर जलभराव रोकने के पुख्ता इंतजाम करने को कहा है। इसके साथ ही ईंधन की बचत और पर्यावरण का संदेश देने के लिए इस बार लोगों को कार्यक्रम स्थल तक लाने के लिए इलेक्ट्रिक बसों का इस्तेमाल करने की योजना बनाई गई है।

### स्वास्थ्य विभाग अलर्ट, कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द

**जींद**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 17 जुलाई को जींद में प्रस्तावित दौरे को लेकर स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया है। जिले में उच्चस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था और चिकित्सा इंतजामों को लेकर स्वास्थ्य अधिकारियों ने व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। बुधवार को चिकित्सा सुविधाओं व उन्हें जुटाने को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। जिला स्वास्थ्य विभाग प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को देखते सभी चिकित्सा कर्मचारियों व अन्य स्टाफ की छुट्टियां तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी हैं। डॉक्टरों समेत नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल स्टाफ और अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी अब ऑन कॉल ड्यूटी पर रहेंगे। आपात स्थिति से निपटने के लिए 24 घंटे स्टाफ उपलब्ध रहेगा। वीवीआईपी, वीआईपी का 17 जुलाई तक रहेगा आवागमन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जींद में देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन के शुभारंभ को लेकर दौरा प्रस्तावित है। प्रधानमंत्री के आने से पहले ही तैयारियां शुरू हो गई हैं। वीवीआईपी, वीआईपी का आवागमन शुरू हो गया है। लगातार रैली स्थल और रूट प्लान को लेकर अधिकारियों का मंथन हो रहा है। शहर की कमियों और समस्याओं को दूर करने का काम किया जा रहा है। वहीं स्वास्थ्य विभाग भी इससे अछूता नही है। जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और जिला अस्पतालों में तैनात चिकित्सकों व कर्मचारियों को पूर्ण रूप से अलर्ट पर रहरने के आदेश दिए गए हैं ताकि किसी भी इमरजेंसी के दौरान कोई परेशानी न हो। स्वास्थ्य अधिकारियों को स्टेशन छोडने के लिए जिला स्वास्थ्य अधिकारी या संबंधित उच्चाधिकारियों की लिखित अनुमति लेनी अनिवार्य कर दी गई है। बिना अनुमति के कोई भी अधिकारी या कर्मचारी जिले से बाहर नहीं जाएगा। स्वास्थ्य विभाग ने प्रधानमंत्री के दौरे के दौरान संभावित भीड़ और किसी भी अप्रत्याशित घटना को ध्यान में रखते हुए चिकित्सा सुविधाओं को मजबूत करने का काम तेज कर दिया है। एम्बुलेंस सेवाओं को बढ़ाया जा रहा है।

### शहर के बाहर से होगा रोडवेज बसों का परिचालन

**जींद**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 17 जुलाई को प्रस्तावित दौरे को लेकर पांडू पिंडारा में जनसभा का आयोजन किया जाना है। कार्यक्रम को देखत शहर में भीड़ कम करने के लिए रोडवेज ने हांसी, हिसार, असंध, कैथल, नरवाना जैसे लोकल रूट पर चलने वाली बसों का संचालन 17 जुलाई तक फ्लाईओवर से करने का निर्णय लिया है। पहले यह बस शहर के अंदर से होकर जाते निर्धारित रूट पर निकलती थी। ऐसे में इन रूट पर जाने वाले यात्रियों को 17 जुलाई तक बस स्टैंड से ही बस पकडनी होगी। आमतौर पर हांसी, हिसार, बरवाला, असंध, करनाल, कैथल लोकल, नरवाना रूट की बस बस स्टैंड से निकल कर गोहाना रोड से होते लघु सचिवालय, नागिरक अस्पताल, पुराना बस स्टैंड रानी तालाबए एसडी स्कूल, सफीदों गेट, रुपया चौक, सब्जी मंडी मोड़ से होते पटियाला चौक पर बस जाती हैं। शहर में लघु सचिवालय, पुराना बस स्टैंड, रुपया चौक व पटियाला चौक से काफी संख्या में यात्री इन रूट पर जाने के लिए बस पकड़ते हैं। यहां से उन्हें बस पकडने के लिए बस स्टैंड जाने की जरूरत नहीं पड़ती। जिस कारण यात्रियों का समय और आटो का किराया बचता है। प्रधानमंत्री के आगमन की तैयारी में प्रशासनिक व राजनीतिक कार्यकर्ता की लगातार मीटिंग चल रही हैं। इस कारण शहर में जाम की स्थिति को काम करने के लिए लोकल रूट पर चलने वाली बसों को फ्लाईओवर से होते चलने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं रोहतक, भिवानी, पानीपत व गोहाना रूट पर चलने वाली बस फ्लाईओवर के नीचे से शहर के बाहर से ही अपने निर्धारित स्थान की ओर चली जाती हैं। जींद बस अड्डा के डीआई 17 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जींद दौरा प्रस्तावित है। शहर में भीड़ कम करने के लिए 17 जुलाई तक हांसी, हिसार, असंध, नरवाना, कैथल रूट सहित अन्य रूट की बसों को शहर में जाने की अनुमति नहीं है।

## क्रेडिट कार्ड से मोटी कमाई का झांसा देकर 5.90 लाख हड़पे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

थाना शहर पुलिस ने क्रेडिट कार्ड से मोटी कमाई का झांसा देकर एक व्यक्ति से करीब 5.90 लाख हडपने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में अर्जुन नगर कैथल के प्रदीप कुमार ने बताया कि उसके पास विभिन्न बैंकों के 9 क्रेडिट कार्ड हैं। उसके जान-पहचान मनीष गर्ग ने उसे बताया कि वह क्रेडिट कार्ड के माध्यम से पैसे कमा सकता है। इसके बाद उसकी मुलाकात मॉडल टाउन निवासी सारांश जैन से कराई गई। आरोपी ने फरवरी और मार्च 2026 में अलग-अलग बैंकों के क्रेडिट कार्ड की डिटेल और ओटीपी ले लिए। शिकायत के अनुसार 26 मार्च को एसबीआई, एचडीएफसी, एक्सिस और आईसीआईसीआई बैंक के क्रेडिट कार्डों से कुल 5 लाख 90 हजार 601 रुपए की ऑनलाइन खरीदारी कर ली गई। जब उसने राशि वापस मांगी तो आरोपियों ने पहले समय मांगा, लेकिन बाद में पैसे लौटाने से इनकार कर दिया। आरोप लगाया कि आरोपियों ने हिसार, पटियाला, जींद और कैथल सहित कई स्थानों पर अन्य लोगों के साथ भी इसी प्रकार की धोखाधड़ी की है।



कैथल। प्रधान के विरोध में हंगामा करते आटो चालक। फोटो :हरिभूमि

### आटो चालकों ने प्रधान पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

**कैथल**। आटो चालकों ने प्रधान पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते बुधवार को हंगामा किया तथा नया प्रधान बनाने का ऐलान कर दिया। आटो चालक दो गुटों में बंटे नजर आए। एक गुट ने वर्तमान प्रधान पर मनमानी और बदसलूकी का आरोप लगाया है। प्रधान का कहना है कि कुछ ऑटो चालक व्यवस्था और अनुशासन के नियम मानने को ही तैयार नहीं हैं। उधर, यूनियन के अंदर की खींचतान के बीच शहर में नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ रही हैं। पुलिस की कार्रवाई के बावजूद बिना नियमों का पालन किए ऑटो और ई-रिक्शा सड़कों पर सरपट दौड़ रहे हैं, जिससे यातायात व्यवस्था और यात्रियों की सुरक्षा दोनों सवालों के घेरे में हैं। ऑटो चालक विजय कुमार, अमित व सुरेश ने बताया कि वे रेलवे स्टेशन से अपने ऑटो चलाते हैं। आरोप लगा कहा कि मौजूदा प्रधान संजीव कुमार वर्दी व आईडी कार्ड के नाम पर रुपये वसूल रहा है। वर्दी का दाम 400 रुपये और आई-कार्ड 50 रुपये का है, लेकिन प्रधान वर्दी 500 तो आईडी 170 रुपये में दिया जा रहा है।

## गैंगस्टर की अवैध संपत्ति पर चला बुलडोजर

- मां के नाम से अवैध राशि अर्जित कर खरीदी थी संपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सफीदों सदर थाना पुलिस ने विदेश से अपराधिक गतिविधियां चलाने वाले गैंगस्टर गांव ऐंचरा कलां निवासी रणदीप की अवैध संपत्ति को बुलडोजर चला कर गिरा दिया। कार्रवाई के दौरान भारी संख्या में पुलिसबल तैनात रहा। थाना सदर सफीदों प्रभारी उप निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि गांव ऐंचरा कलां निवासी रणदीप पिछले काफी समय से अमेरीका में रह रहा है। जिसके खिलाफ कई अपराधिक मामले दर्ज हैं।



### कानूनी कार्रवाई लगातार जारी रहेगी

आरोपित अमेरिका से ही संगठित अपराध एवं गैंग संचालन से जुड़े विभिन्न मामलों में जांच एवं कानूनी कार्रवाई चल रही है। जांच के दौरान सामने आया कि आरोपित ने गांव ऐंचरा कलां में 31 मई 2023 को उसकी माता के नाम संपत्ति खरीदी गई थी। यह संपत्ति कथित रूप से आपराधिक गतिविधियों से अर्जित धन से खरीदी गई थी। जांच बाद सरकार के आदेश पर उस संपत्ति को ध्वस्त करने की कार्रवाई अमल में लाई गई। आरोपित पर धमकी देकर फिरौती मांगने समेत उन्होंने बताया कि रणदीप गैग से जुड़े पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। कार्रवाई के दौरान सदर थाना पुलिस के इलावा ड्यूटी मजिस्ट्रेट संजय कुमार समेत अन्य अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। एसपी कुलदीप सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार की नीति के अनुसार अपराध से अर्जित अवैध संपत्तियों के विरुद्ध जब्ती एवं ध्वस्तीकरण जैसी कानूनी कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

### कवारतन में नहर किनारे मिला व्यक्ति का शव

**कैथल**। सीवन के गांव कवारतन में बुधवार सुबह नहर के किनारे व्यक्ति का शव मिला। ग्रामीणों की सूचना पर सीवन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कैथल के सिविल अस्पताल भिजवा दिया। फिलहाल मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। जांच अधिकारी सुरेश ने बताया कि ग्रामीणों अनुसार नहर किनारे एक व्यक्ति काफी देर से पड़ा हुआ था। पास जाकर देखने पर उसकी मौत हो चुकी थी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके से पुलिस को शव के पास शराब की बोतल भी मिली है। शुरूआती जांच में पुलिस को आशंका है कि व्यक्ति ने नशा किया था और नशे की हालत में कवारतन हेड के पास गिर गया, मौत हो गई। पुलिस मौत के कारण का पता लगाने के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

## वीआइपी आगमन को देख,पानी निकासी को लेकर किए प्रबंध

# बारिश की फुहारों ने धरती को किया सरोबार, मौसम सुहाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले के कुछ इलाकों को बुधवार को मानसून की फुहारों ने धरती को सरोबार कर दिया। जिसने गर्मी के साथ उमस को भी धो डाला। मौसम सुहाना हो गया। बारिश से किसानों को भी काफी राहत मिली है। जबकि कुछ इलाकों आकाश मे बादल घुमड़ते रहे। हलकी बूंदाबांदी भी हुई लेकिन बारिश नही हुई। बारिश से तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। मौसम सुहाना बना रहा। बुधवार को अधिकतम तापमान 30 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 27 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 80 प्रतिशत तथा हवा की गति 13 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार 11 जुलाई तक कही अच्छी तो कही मध्यम दर्ज की बारिश की संभावना बनी। बुधवार को दिन का आगाज आकाश में छाए बादलों के साथ हुआ। दिन चढने के साथ मौसम में उमस भी बन गई। दोपहर तक बादल गहरे हो गए और बारिश की फुहार शुरू हो गई। जो लगभग चार घंटों तक जारी रही। जिससे मौसम सुहाना हो गया। हालांकि बाहरी बस्तियों में लोगों को कीचड़ तथा पानी का ठहराव होने के कारण कुछ दिक्कतों का सामना करना पड़ा। आकाश में बादल घुमड़ते रहे और बारिश के आसार भी बने रहे। जिला में बुधवार को औसतन तौर पर छह एमएम बारिश दर्ज की गई। सबसे ज्यादा बारिश अलेवा में 17 एमएम दर्ज की गई। जींद में नौ एमएम, पिल्लूखेड़ा में 10 एमएम, जुलाना में पांच एमएम, उचाना तथा सफीदों में बूंदाबांदी दर्ज की गई।



जींद। बारिश के बीच स्कूल से छुट्टी होने के बाद घर जाते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### 11 जुलाई तक अच्छी बारिश की संभावना

गांव पांडू पिंडारा मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि मानसून एक्टिवेट हो चुका है। 11 जुलाई तक अच्छी बारिश की संभावना है। धान रोपाई का अच्छा समय है। बाजरा बिजाई के लिए किसान कुछ इंतजार करें।

### ठेके से हजारों की नकदी शराब चोरी, मामला दर्ज

**कैथल**। गांव खरकां के शराब के ठेके से तीन लुटेरे हजारों की नकदी, शराब व अन्य सामान चुराकर ले गए। इस संबंध में गांव आंधली के नवाब सिंह ने गुहला पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पास सिद्धु वाईन के नाम से खरकां व तारावाली ग्रुप मे ठेका शराब है। ठेके पर सतपाल निवासी ढाठरथ जिला जींद को सेल्समैन नौकरी करता है। 4 जुलाई को सतपाल ने उसे मोबाइल के माध्यम से बताया कि ठेका पर तीन लडकों ने लूटपाट कर दी है। मौके पर पहुंचा तो देखा कि ठेका शराब की पिछली तरफ की चदर (टीन) कटी थी। सतपाल ने बतलाया कि वह हर रोज की तरह ठेका को बन्द करके ठेका के अन्दर सो गया था। रात को करीब 1 बजे उसे ठेका के अन्दर आवाज सुनाई दी तो ठेका के अन्दर तीन नोजवान लड़के खड़े थे। जिनमें से एक के हाथ में तलवार थी।

## खबर संक्षेप

### छात्रों को पोक्सो एक्ट के बारे में दी जानकारी

**जींद।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जींद के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश पूनम सुनेजा के कुशल मार्गदर्शन में गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल मालवी में पौधारोपण कार्यक्रम एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुख्य सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अमित सिहाग ने स्कूली विद्यार्थियों को संबोधित करते कहा कि सभी को पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए।

### लक्ष्य पूरा करने वाले बीएलए-2 होंगे सम्मानित

**उचाना।** राजीव गांधी महाविद्यालय उचाना के ऑडिटोरियम में 13 जुलाई को एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कांग्रेस के बीएलए-2 कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में पूर्व सांसद एवं कांग्रेस नेता बृजेंद्र सिंह 96 प्रतिशत से अधिक लक्ष्य पूरा करने वाले बीएलए-2 को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित करेंगे। कांग्रेस के बीएलए-1 डॉ. जुगमिंद्र कोच ने बताया कि उचाना विधानसभा क्षेत्र के 223 मतदान केंद्रों पर मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य कई दिनों से चल रहा है।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, मामला दर्ज

**जींद।** गांव पौली से युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर जुलाना थाना पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव पौली निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी भांजी उसके पास आई हुई थी। जो गत पांच मई को गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसका कोई सुराग नही लगा। व्यक्ति ने आरोप लगाया कि चेतन तथा दीपक उसकी भांजी को बहला फुसला कर अपने साथ ले गए है। जुलाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 15 जुलाई से प्रारंभ होंगे गुप्त नवरात्रि : कौशिक

**उचाना।** आषाढ़ मास की गुप्त नवरात्रि 15 जुलाई से प्रारंभ हो रही है। इस अवसर पर श्रद्धालु नौ दिनों तक मां भगवती की आराधना, जप, तप, व्रत और हवन कर शक्ति की उपासना करेंगे। देवभूमि बनभौरी स्थित माता भ्रामरी शक्तिपीठ पुजारी श्याम लाल कौशिक ने बताया कि गुप्त नवरात्रि का विशेष महत्व साधकों के साथ-साथ आम श्रद्धालुओं के लिए भी होता है। कहा कि गुप्त नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा के साथ दस महाविद्याओं की साधना का भी विशेष महत्व बताया गया है। इन दिनों विधि-विधान से पूजा, दुर्गा सप्तशती का पाठ, मंत्र जाप तथा कन्या पूजन करने से मां की विशेष कृपा प्राप्त होती है

### पात्र व्यक्ति फार्म भरते ही बीएलओ को दें : रमित

**उचाना।** एसडीएम रमित यादव ने क्षेत्र के मतदाताओं से अपील करते कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत फार्म जमा करवाने के लिए अंतिम तिथि 14 जुलाई का इंतजार न करें। जैसे ही फार्म पूरी तरह भर जाए, उसे तुरंत संबंधित बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) को जमा करा दें। अंतिम दिनों में एक साथ अधिक संख्या में फार्म जमा होने से अनावश्यक भीड़ और परेशानी की स्थिति बन सकती है। इसलिए समय रहते फार्म जमा कराने से न केवल मतदाताओं का समय और श्रम बचेगा, बल्कि पूरी प्रक्रिया भी सुचारू और व्यवस्थित ढंग से संचालित हो सकेगी।

### जींद के लिए ऐतिहासिक होगा 17 जुलाई : योगेश

**उचाना।** भाजपा नेता योगेश कसूहन ने कहा कि 17 जुलाई का दिन जींद जिले के लिए ऐतिहासिक और गौरवशाली होने जा रहा है। इस दिन प्रधानमंत्री मोदी जींद से देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यह अवसर जींद के लिए किसी त्योहार से कम नहीं है और पूरे जिले में उत्साह का माहौल है। कहा कि पूर्व की सरकारों ने जींद के साथ हमेशा सौतेला व्यवहार किया। प्रदेश की सबसे ऊंची मेडिकल कॉलेज की इमारत भी जींद में बनाई गई है।

## गांव ढांडा खेड़ी में कई जगह नुक्कड़ सभाओं का आयोजन

# बेटियों को शिक्षित व आत्मनिर्भर बनाना ही समाज की सच्ची प्रगति

### स्वास्थ्य विभाग ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत किया जागरूक

बेटियों को आगे बढ़ने के समान अवसर देना हर परिवार समाज का नैतिक दायित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। कन्या भ्रूण हत्या न करने की शपथ दिलाते हुए स्वास्थ्यकर्मी। फोटो :हरिभूमि

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के अंतर्गत गांव ढांडा खेड़ी में एमपीएचडब्ल्यू सुशील शर्मा व सुनीता कुमारी के नेतृत्व में श्बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत गांव में कई जगह नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया गया। इन सभाओं का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को गिरते लिंग अनुपात, कन्या भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक कुरीतियों, बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति जागरूक करना तथा लोगों को बेटा व बेटी में समानता का संदेश देना था। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएंए पुरुषए किशोरियांए आशा वर्कर एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। एमपीएचडबल्यू सुशील शर्मा व सुनीता कुमारी ने कहा कि बेटियां समाज की सबसे बड़ी शक्ति हैं और उनकी शिक्षा ही समाज की वास्तविक प्रगति का आधार है। जिस समाज में बेटियों को सम्मान, सुरक्षा और समान अवसर मिलते हैं वहीं समाज विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करता है। आज की बेटियां शिक्षा, खेल, चिकित्सा, प्रशासन, विज्ञान, न्यायपालिका, सेना तथा अन्य अनेक क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश और समाज का नाम रोशन कर रही हैं। इसलिए बेटियों को आगे बढ़ने के समान अवसर देना प्रत्येक परिवार और समाज का नैतिक दायित्व है। सुनीता कुमारी ने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान केवल एक सरकारी योजना नहीं बल्कि समाज में सकारात्मक सोच विकसित करने का एक व्यापक जनआंदोलन है। इस अभियान का उद्देश्य कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लगाना, बेटियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाना, उनके स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को सुनिश्चित करना तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाकर समाज में सम्मानजनक स्थान दिलाना है। समाज में फैल रही कन्या भ्रूण हत्या जैसी कुरीतियों को समाप्त करने के लिए केवल कानून ही पर्याप्त नहीं हैं बल्कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी सोच बदलनी होगी। लगातार गिरता लिंग अनुपात भविष्य के लिए गंभीर सामाजिक चुनौती बन सकता है। इसलिए प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह बेटियों के प्रति सम्मान की भावना विकसित करे और समाज में जागरूकता फैलाने में अपनी भूमिका निभाए।

#### ये रहे मौजूद

उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा अवैध लिंग जांच रोकने के लिए नियमित रूप से निगरानी एवं छापेमारी अभियान चलाए जाते हैं। यदि किसी व्यक्ति को इस प्रकार की किसी भी अवैध गतिविधि की जानकारी मिलती है तो वह स्वास्थ्य विभाग या प्रशासन को सूचित कर सकता है। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाती है और उचित ईनाम भी दिया जाता है। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर आशा वर्कर अंजू, कविता, कांता, सुखबीरो आदि मौजूद रही।

### भाजपा ने बदली जींद की तस्वीर : रोहताश



उचाना। चुनाव के दौरान जनसभा में पहुंचे पीएम नरेंद्र मोदी का अभिवादन करते रोहताश खटकड़। फाइल फोटो

**उचाना।** भाजपा नेता रोहताश खटकड़ ने कहा कि भाजपा के 12 वर्षों के कार्यकाल में जींद जिले की तस्वीर और विकास की दिशा पूरी तरह बदल गई है। उन्होंने कहा कि 17 जुलाई का दिन जींद के लिए ऐतिहासिक होगा, जब पीएम नरेंद्र मोदी देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को जींद से हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यह पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है। रोहताश खटकड़ ने कहा कि पूर्व की सरकारों के नेता जींद आकर बड़े-बड़े वादे करते रहे, लेकिन जिले के विकास के लिए कोई ठोस कार्य नहीं किया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार बनने से पहले प्रदेश में क्षेत्रवाद और परिवारवाद की राजनीति हावी थी। वर्ष 2014 में भाजपा सरकार बनने के बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में इस राजनीति को समाप्त करने का कार्य किया गया। वर्तमान में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। प्रदेश में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य कराए जा रहे हैं और हर क्षेत्र को समान प्राथमिकता दी जा रही है। खटकड़ ने कहा कि उचाना विधानसभा क्षेत्र में विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री के नेतृत्व में विकास कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य बुनियादी सुविधाओं के क्षेत्र में लगातार कार्य हो रहे हैं, जिससे क्षेत्र के लोगों को सीधा लाभ मिल रहा है। पीएम मोदी का जींद आगमन जिले के विकास को नई गति देगा और हाइड्रोजन ट्रेन की शुरुआत से जींद राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान बनाएगा।



नरवाना। सिलाई व कम्प्यूटर ट्रेनिंग सर्टिफिकेट देते हुए। फोटो :हरिभूमि

# तकनीकों को व्यवहार में लाने का आह्वान किया

- प्रमाण पत्र वितरण एवं चूड़ी निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

पंजाब नैशनल बैंक कृषक प्रशिक्षण केंद्र सच्चा खेड़ा में तीन माह अवधि के सिलाई एवं बेसिक कंप्यूटर प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों के सफल समापन अवसर पर प्रमाण-पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया। समारोह में प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले सभी प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि सिलाई एवं कंप्यूटर जैसे कौशल आधारित प्रशिक्षण युवाओं एवं महिलाओं को स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी प्रशिक्षार्थियों से प्राप्त ज्ञान एवं कौशल का उपयोग कर अपने रोजगार एवं आजीविका के नए अवसर विकसित करने का आह्वान किया। इसी अवसर पर पांच दिवसीय चूड़ी निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि धर्मेन्द्र कुमार कथुरिया (नेशनल सेंटर फॉर फाइनेंशियल एजुकेशन) एवं केंद्र के निदेशक हितेश कालरा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस कार्यक्रम में आस-पास के गांव की 30 अनुसूचित जाति की महिलाओं ने भाग लिया। उद्घाटन अवसर पर केंद्र निदेशक हितेश कालरा ने बताया कि चूड़ी निर्माण एक लाभकारी लघु उद्योग है, जिसे कम लागत में घर पर भी शुरू किया जा सकता है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को चूड़ी निर्माण की आधुनिक तकनीक, डिजाइनिंग, रंग संयोजन, गुणवत्ता नियंत्रण तथा विपणन संबंधी जानकारी दी जाएगी। साथ ही उन्हें स्वयं सहायता समूहों एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ने का भी मार्गदर्शन किया जाएगा। आयोजकों ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण एवं ग्रामीण रोजगार सृजन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध होगा। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

# एमपीएचडब्ल्यू मांगें पूरी होने तक संघर्ष का रास्ता अपनाएंगे : संदीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

- लंबित मांगों की लगातार अनदेखी की जा रही

लंबित मांगो को लेकर आंदोलनरत प्रदेश के एमपीएचडब्ल्यू वर्ग ने मांगोड्ढ का हल होने तक संघर्ष का ऐलान किया है। एसो. की प्रदेश अध्यक्ष शर्मिला देवी, वित्त सचिव धर्मवीर ने कहा कि प्रदेश के हजारों एमपीएचडब्ल्यू कर्मचारियों ने लंबित मांगो का हल न होने पर गत पांच जुलाई को रेवाड़ी स्थित स्वास्थ्य मंत्री के रामपुरा हाउस आवास का घेराव किया था। जिसके चलते स्वास्थ्य मंत्री ने एसोसिएशन को 28 जुलाई को अधिकारियों की मौजूदगी में सिविल सचिवालय चंडीगढ़ में वार्ता हेतु बुलाया है। एसो के प्रदेश प्रैस सचिव संदीप कुंडू ने एसो के रुख से अवगत करवाते कहा कि एसो मांगों का सकारात्मक हल चाहती है। एसो. का उद्देश्य कर्मचारी वर्ग की सभी मांगो पर टरकाऊ रवैया न अपना कर मांगो ओर समस्याओं का हल करवाना है ताकि आमजन को सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने वाले प्रदेश के एमपीएचडबल्यू कर्मचारी मानसिक तनाव से मुक्त होकर सेवाएं प्रदान कर सकें। मिशन निदेशक कार्यालय की कार्यप्रणाली पर निराशा जताते कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत बहुद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित मांगों की लगातार अनदेखी की जा रही है। एनएचएम में कार्यरत महिला एमपीएचडबल्यू को न्यायालय के आदेश अनुसार पॉलिसी बनाते नियमित करने, कैडर के मूल वेतनमान 6 का लाभ देंगे, ड्रेस एवं यात्रा भत्ते का लाभ, सेवानिवृत्ति उपरांत लाभ प्रदान करने सहित तबादला नीति बनाने, शहरी क्षेत्र में नॉर्म अनुसार पद स्वीकृत करते नियमित भर्ती करने, पदनाम संशोधन करने, वित्त वर्ष 2020-23 की बकाया सब प्रदान करने सहित अनेक मांगे लंबित हैं।

### पात्र महिलाओं-किशोरियों को निःशुल्क दिए जाएंगे सैनिटरी नैपकिन

**जींद।** डीसी डा. वैशाली शर्मा ने बताया कि महिला एवं किशोरी सम्मान योजना के तहत बीपीएल परिवारों की पात्र महिलाओं एवं किशोरियों के ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया विभागीय पोर्टल पर निरंतर जारी है। संबंध में महिला एवं बाल विकास विभाग की अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं ताकि पात्र लाभार्थियों का समयबद्ध पंजीकरण सुनिश्चित किया जा सके। बताया कि योजना का मुख्य उद्धेश्य महिलाओं एवं किशोरियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक, सशक्त एवं सम्मानजनक मासिक स्वच्छता सुविधाएं उपलब्ध कराना है। योजना के अंतर्गत गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) परिवारों की 10 वर्ष से 45 वर्ष आयु वर्ग की पात्रों को महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से हर माह फ्री सैनिटरी नैपकिन उपलब्ध करवाए जाते हैं।

# नरवाना में 11 जुलाई को गूंजेगी जनता के हकों की आवाज : बृजेंद्र

- सम्मेलन में मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता चौधरी बृजेंद्र सिंह सुरजेवाला ने नरवाना हलके की जनता के अधिकारों की लड़ाई को मजबूती देने के लिए आगामी 11 जुलाई दिन शनिवार को एक विशाल 'जन अधिकार सम्मेलन बुलाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। यह सम्मेलन रेलवे रोड स्थित पब्लिक धर्मशाला में सुबह ठीक 10 बजे आयोजित किया जाएगा। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता चौधरी बृजेंद्र सिंह सुरजेवाला ने प्रेस को जारी बयान में बताया कि इस सम्मेलन के मुख्य अतिथि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला होंगे। वहीं, कैथल के युवा व लोकप्रिय विधायक आदित्य सिंह सुरजेवाला कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

#### आम जनमानस में भारी उत्साह



वरिष्ठ नेता बृजेंद्र सुरजेवाला ने कहा कि आज नरवाना हलके की जनता बुनियादी सुविधाओं, बदहाल सड़कों, रोजगार की कमी और प्रशासनिक उपेक्षा से त्रस्त है। इस 'जन अधिकार सम्मेलन' का मुख्य उद्देश्य जनता की इन दबी हुई आवाजों को शासन और प्रशासन तक पहुंचाना है। सम्मेलन में कांग्रेस के शीर्ष नेता सीधे तौर पर जनता से संवाद करेंगे और भविष्य के संघर्ष की रूपरेखा तैयार करेंगे। इस सम्मेलन को लेकर पूरे नरवाना हलके और आसपास के गांवों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और आम जनमानस में भारी उत्साह देखा जा रहा है।



जींद। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते पेंशनर्स। फोटो :हरिभूमि

### पेंशनर्स ने लंबित मांगों को लेकर किया मंथन

**जींद।** पेंशनर समाज जींद की कोर कमेटी की बैठक बुधवार को ब्राह्मण धर्मशाला में जिला प्रधान ईश्वर शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का संचालन जिला सचिव उदयभान सैनी ने किया। बैठक में ऑल इंडिया स्टेट पेंशनर्स फेडरेशन के चुनाव, संगठनात्मक गतिविधियों तथा पेंशनर्स की लंबित मांगों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। बैठक में मुख्य रूप से स्टेट सीनियर वाइस प्रेसिडेंट सत्यवान मुद्गिल, प्रेम सिंह बांगड़, कोषाध्यक्ष शक्ति लाल तथा भलेराम बूरा उपस्थित रहे। पदाधिकारियों ने राज्य कार्यकारिणी में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते ऑल इंडिया स्टेट पेंशनर्स फेडरेशन के आगामी चुनाव को सफल बनाने के लिए संगठन को और अधिक मजबूत करने पर जोर दिया। बैठक में सरकार से पेंशनर्स की लंबित मांगों को शीघ्र पूरा करने की मांग की गई। पदाधिकारियों ने कहा कि डीए बकाया के भुगतान को लेकर माननीय उच्चतम न्यायालय का निर्णय भी आ चुका है। इसलिए सरकार को इसका शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करना चाहिए।

# महिलाओं ने नपा प्रशासन और चेयरमैन के खिलाफ की नारेबाजी, समाधान की मांग

- वार्ड में नहीं हो रही सफाई व्यवस्था, महिला पार्षद कीचड़ से भरी टोकरी लेकर पहुंचीं नपा कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना



जुलाना। नपा कार्यालय में नारेबाजी करते महिलाएं। फोटो :हरिभूमि

जुलाना कस्बे के वार्ड नंबर 10 में लंबे समय से सफाई व्यवस्था और जल निकासी की समस्या से परेशान लोगों का गुस्सा बुधवार को फूट पड़ा। वार्ड की महिला पार्षद पूजा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिलाओं ने कीचड़ से भरी टोकरी लेकर नगरपालिका कार्यालय पहुंच कर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने नपा प्रशासन और चेयरमैन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते वार्ड की समस्याओं का शीघ्र समाधान करने की मांग उठाई। महिलाओं ने कीचड़ को नपा के मैन गेट पर डाल दिया और नारेबाजी की। वार्ड में लंबे समय से नालियों की नियमित सफाई नहीं हो रही है। निकासी व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित होने के कारण गलियों में गंदा पानी जमा रहता है, जिससे पूरा क्षेत्र तालाब जैसा दिखाई देता है। बरसात के दिनों में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। लोगों को घरों से निकलने में परेशानी होती है, जबकि बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।



उचाना। आईटीआई परिसर में पौधरोपण करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### उचान: आईटीआई परिसर में किया पौधरोपण

**उचाना।** शहीद भगत सिंह युवा ग्रामीण विकास समिति उचाना खुर्द द्वारा गांव में स्थित आईटीआई परिसर में पौधारोपण अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान के अंतर्गत समिति के सदस्यों एवं स्वयंसेवकों ने इमली, शुगर-फ्री (स्टीविया), कढ़ी पत्ता, जामुन तथा अर्जुन जैसे औषधीय, फलदार एवं पर्यावरण की दृष्टि से महत्वपूर्ण पौधों का रोपण किया। प्रवीण ने कहा कि इन पौधों का चयन केवल हरित आवरण बढ़ाने के उद्देश्य से नहीं, बल्कि जैव विविधता के संरक्षण, स्वच्छ पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने तथा ग्रामीण समाज को पौधों के औषधीय एवं पोषण संबंधी महत्व से जोडने के उद्देश्य से भी किया गया है। इसी उद्देश्य के साथ संगठन पर्यावरण संरक्षण एवं ग्रामीण विकास के क्षेत्र में निरंतर जन-जागरूकता अभियान संचालित कर रहा है। वृक्ष केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम नहीं हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ वायु, जल संरक्षण, जैव विविधता तथा सतत विकास की आधारशिला हैं।

## एसडीएम ने विभिन्न राजनीतिक दलों के अध्यक्ष-सचिवों एवं उनके प्रतिनिधियों के साथ बैठक की

# मतदाता सूची को शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाने के लिए आपसी सहयोग जरूरी : पुलकित मल्होत्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। राजनीतिक दल की बैठक को संबोधित करते एसडीएम।

निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने बुधवार को लघु सचिवालय स्थित कार्यालय में सफीदों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के विभिन्न राजनीतिक दलों के अध्यक्षों सचिवों एवं उनके प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की। बैठक का मुख्य उद्देश्य विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान की प्रगति की समीक्षा करना तथा मतदाता सूची को शत-प्रतिशत शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाने के लिए सभी संबंधित पक्षों का सहयोग सुनिश्चित करना था। बैठक को संबोधित करते एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत मतदाता सूची का व्यापक सत्यापन किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल करना तथा अपात्र अथवा त्रुटिपूर्ण प्रविष्टियों को चिन्हित कर मतदाता सूची को अधिक पारदर्शी एवं विश्वसनीय बनाना है।

#### राजनीतिक दलों की सहभागिता महत्वपूर्ण

कहा कि ऐसे मामलों में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि बीएलओ के साथ समन्वय स्थापित कर अभियान को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से विशेष रूप से बूथ लेवल एजेंट (बीएलए 2) के माध्यम से सक्रिय सहयोग देने की अपील की। कहा कि बीएलए 2 अपने-अपने मतदान केंद्रों की जानकारी रखते हैं, इसलिए उनका सहयोग मिलने से विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान अधिक प्रभावी, पारदर्शी और त्रुटिरहित ढंग से संपन्न हो सकेगा। स्पष्ट किया कि निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता और मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित करने में सभी राजनीतिक दलों की सहभागिता अत्यंत महत्वपूर्ण है। मतदाता सूची का सही और अद्यतन होना लोकतंत्र को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इसलिए प्रत्येक नागरिक का सहयोग अपेक्षित है। कानूनगो नरेश कुमार, कार्यालय का संबंधित स्टाफ तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एवं सचिव उपस्थित रहे।



नरवाना। कार्य को लग्न से करने वालों को सम्मानित करते हुए।

### एसडीएम ने अधिकारियों-कर्मचारियों की ली बैठक

**नरवाना।** निर्वाचन पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम जगदीश चंद्र की अध्यक्षता में एसआईआर विशेष गहन पुर्ननिरीक्षण (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) प्रक्रिया को लेकर बुधवार को एसडीएम कार्यालय में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में उपमंडल के सभी ग्राम सचिव, पटवारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य एसआईआर प्रक्रिया की प्रगति की समीक्षा करना और शेष कार्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर शत-प्रतिशत पूरा करना था। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीएम जगदीश चंद्र ने स्पष्ट और सख्त निर्देश देते हुए कहा कि एसआईआर प्रक्रिया से जुड़े सभी ग्राम सचिव एवं पटवारी केवल फोन के माध्यम से औपचारिकता पूरी करने तक सीमित न रहें बल्कि वे व्यक्तिगत रूप से मतदाताओं के घर-घर जाकर संपर्क करें। उन्होंने कहा कि जिन मतदाताओं के फॉर्म अब तक नहीं भरे गए हैं, उनके फॉर्म तत्काल भरवाना सुनिश्चित करें और इस कार्य में बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) का पूरा सहयोग करें।

## खबर संक्षेप

### विवाहित महिला बेटी के संग हुई लापता

**कैथल।** करनाल से कैथल अपने घर आने के कहकर आने वाली एक विवाहिता अपनी बेटी के साथ संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। थाना शहर पुलिस को दी शिकायत में शहर की एक कॉलोनी निवासी युवक ने बताया कि उसकी 30 साल की पत्नी मूल रूप से करनाल निवासी है। 7 जुलाई की सुबह उसकी सास ने फोन कर बताया था कि उसने पत्नी कैथल के लिए रवाना कर दिया है। हालांकि देर शाम तक पत्नी और बेटी घर नहीं पहुंचे। उसने अपने ससुराल पक्ष से संपर्क किया तो सास ने कहा कि वह बेटी को कैथल के रेलवे स्टेशन पर छोड़कर आ गई थी।

### अलग-अलग 2 मामलों में 2 आरोपी काबू

**कैथल।** पुलिस ने 2 मामलों में 2 आरोपियों को काबू कर लिया गया। जिनके कब्जे से 8.11 ग्राम हेरोइन व 131 ग्राम गांजा फूल पत्ती बरामद हुई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पहले मामले में एन्टी नारकोटिक सेल प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एसआई बलराज सिंह की टीम अपराध एवं नशा तस्करी की रोकथाम के लिए क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। टीम गांव कल्लर माजरा क्षेत्र में मौजूद थी, तभी एक गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि गांव कल्लर माजरा निवासी साहब सिंह उर्फ गोलू आसपास के गांवों एवं क्षेत्र में नशा करने वाले व्यक्तियों को हेरोइन सप्लाई करता है तथा वह आज भी गांव के शमशान घाट में किसी व्यक्ति को नशीला पदार्थ हेरोइन बेचने के लिए खड़ा हैं। जिसे उक्त स्थान पर दबिश देकर हेरोइन सहित काबू किया जा सकता हैं।

### नशा तस्करों के खिलाफ चलाया सर्च अभियान

**कैथल।** कैथल पुलिस द्वारा "नशा मुक्त हो जिला अभियान" के तहत लगातार विशेष कॉम्बिंग एवं चेकिंग अभियान चलाए जा रहे हैं। प्रतिदिन अलग-अलग थाना क्षेत्रों के गांवों और बस्तियों को चयनित कर सर्च अभियान चलाया जाता है। इसी कड़ी में बुधवार को थाना सीवन तथा चौकी रामथली द्वारा अलग-अलग क्षेत्रों में व्यापक सर्च ऑपरेशन चलाकर संदिग्ध व्यक्तियों व ठिकानों की गहन जांच की गई।

### विकास कार्यों में पारदर्शिता प्राथमिकता

**गुहला-चीका।** एसडीएम मनीष कुमार यादव ने कहा कि गुहला-चीका क्षेत्र के लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके लिए क्षेत्र में सड़क, पेयजल, स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं के विकास को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाएगा। नागरिकों के सहयोग से क्षेत्र को चमकाने का काम किया जाएगा।

### बाइक चोरी के मामलों में 2 आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ व नारकोटिक सेल ने अलग अलग 2 मामलों में 2 बाइक चोरो को काबू करके बाइक बरामद कर ली गई।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पहले मामले में एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ प्रभारी एसआई मुकेश कुमार की अगुवाई में एएसआई अशोक कुमार की टीम द्वारा गांव चंदाना निवासी मनदीप कुमार को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कैथल निवासी सुमित कुमार की शिकायत अनुसार 5 जुलाई को अज्ञात व्यक्ति पाइप फैक्टरी चंदाना के बाहर से बाइक चोरी कर ले गया।

### ग्रामीणों ने बीपीएल आय सीमा बढ़ाने की मांग उठाई

**पाई।** क्षेत्र के ग्रामीणों ने सरकार से बीपीएल (गरीबी रेखा से नीचे) कार्ड धारकों की वार्षिक आय सीमा को 1 लाख 80 हजार रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये करने की मांग की है। ग्रामीण रोशन, संजय, महावीर, रामकुमार और दिलबाग आदि ने बताया कि मध्यम और निम्न वर्ग के परिवारों को राहत देने के लिए इस आय सीमा को तुरंत 5 लाख रुपये किया जाना चाहिए। ग्रामीणों का कहना है कि मौजूदा समय में महंगाई बहुत तेजी से बढ़ी है। ऐसे में 1 लाख 80 हजार रुपये की वार्षिक आय सीमा बेहद कम है।

---

### 14 जुलाई से पहले बीएलओ के पास जमा करवाएं गणना प्रपत्र

# एसआईआरः अब तक के कार्य में कैथल जिला प्रदेश में दूसरे स्थान पर : उपायुक्त

**आमजन में वितरित किए गए 6 लाख 73 हजार 22 गणना प्रपत्रों को किया जा चुका है डिजिटलाइज**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

डीसी अपराजिता ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण मतदाता अभियान के तहत बीएलओ द्वारा आमजन को वितरित किए गए गणना प्रपत्रों का 14 जुलाई से पहले बीएलओ के पास जमा करवाना है। इसलिए जिन लोगों ने बीएलओ द्वारा वितरित किए गए प्रपत्रों को अभी तक बीएलओ के पास वापस जमा नहीं करवाया है, वे निर्धारित अवधि से पहले हर हाल में ये प्रपत्र जमा करवा दें, ताकि मतदाता सूची में उनका नाम अपडेट किया जा सके। प्रदेश में गणना प्रपत्रों को डिजिटाइज्ड करने में कैथल जिला प्रदेश में दूसरे स्थान पर है। चारों विधानसभा क्षेत्रों में 6 लाख 73 हजार 22 गणना प्रपत्रों को डिजिटाइज्ड किया जा चुका है, जोकि 81.26 प्रतिशत कार्य है। सभी एसडीएम एसआईआर प्रक्रिया पर पूरी तरह से निगरानी रखें। डीसी अपराजिता बुधवार को लघु सचिवालय स्थित वीडियो कांफ्रेंस हाल में एसआईआर को लेकर सभी संबंधित अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहीं थीं। इससे पहले हरियाणा निर्वाचन आयोग के सीईओ ए श्रीनिवास द्वारा प्रदेश के सभी उपायुक्तों को एसआईआर विषय पर आवश्यक निर्देश जारी किए। मौके पर एडीसी डॉ. सुशील कुमार, डीएमसी कपिल शर्मा, कलायत एसडीएम अजय हुड्डा, गुहला एसडीएम मनीष कुमार यादव, सीटीएम कैप्टन प्रमेश सिंह व अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



**कैथल।** वीडियो कांफ्रेंस में भाग लेती डीसी अपराजिता व अन्य।

#### लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

डीसी ने अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा कि वे एसआईआर कार्य में तेजी लाएं। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आगामी 14 जुलाई के बाद प्रपत्र वापस नहीं लिया जा सकेंगे। इसलिए जो भी आमजन अभी तक प्रपत्र जमा नहीं करवा पाए हैं। वे निर्धारित अवधि में इन्हें जमा करवा दें। इसके लिए बीएलओ भी सक्रियता से प्रयास करें। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों का आह्वान किया कि वे अपने-अपने बीएलए एक व बीएलए दो को भी इस प्रक्रिया में सक्रियता से भाग लेने के लिए प्रेरित करें।


**गुहलाचीका।** एसडीएम मनीष कुमार यादव बीएलओ को सम्मानित करते हुए।

#### एसआईआर के लंबित कार्य में लाएं तेजी तय समय पर करें पूरा : एसडीएम

**गुहला-चीका।** एसडीएम मनीष कुमार यादव ने बुधवार को डीएवी कॉलेज के हॉल में गुहला- चीका विधानसभा क्षेत्र में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को प्रशंसा-पत्र देकर सम्मानित किया। एसडीएम ने गांव घग्गड़पुर के बूथ नंबर 17 के बीएलओ बलजीत सिंह, गांव छन्ना जाटान के बूथ नंबर 22 के बीएलओ राजेश कुमार, बुढनपुर के बूथ नंबर 25 के बीएलओ करनैल कौर, गांव कसौली के बूथ नंबर 16 के बीएलओ गजे सिंह, भूसला गांव के बूथ नंबर 29 के बीएलओ गुरमेल सिंह को निर्वाचन संबंधी कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन, समयबद्ध फील्ड सत्यापन, मतदाता पंजीकरण, मतदाताओं को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने तथा निर्वाचन नामावली की शुद्धता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रशंसा-पत्र प्रदान किए गए। एसडीएम ने कहा कि मतदाता सूची का शुद्ध एवं त्रुटि रहित होना लोकतंत्र की मजबूती के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस कार्य में बीएलओ की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा जिन बीएलओ ने पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं, वे बधाई के पात्र है।

---

# दीनबंधु प्रशिक्षण केंद्र के प्रस्ताव पर सीएम ने भरी हामी : सुरेंद्र


**कैथल।** दीनबंधु फाउंडेशन के चेयरमैन एवं प्रगतिशील किसान सुरेंद्र ढुल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

- मुख्यमंत्री ने किसानों से किया सीधा संवाद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंचकूला स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किसानों के साथ सीधा संवाद किया। कार्यक्रम में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा भी उपस्थित रहे। इस दौरान दीनबंधु फाउंडेशन के चेयरमैन एवं प्रगतिशील किसान सुरेंद्र ढुल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर प्राकृतिक खेती को लेकर फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। सुरेंद्र ढुल ने बताया कि दीनबंधु फाउंडेशन पिछले सात वर्षों से हरियाणा में प्राकृतिक खेती के प्रचार-प्रसार के लिए निरंतर कार्य कर रहा है तथा बड़ी संख्या में किसान संस्था के साथ जुड़कर प्राकृतिक खेती अपना रहे हैं। उन्होंने बताया कि जून माह में किचन गार्डन से खेत तक अभियान के तहत आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में किचन गार्डन संचालकों से लेकर बड़े किसानों तक ने भाग लिया, जिसमें 65 किसानों ने स्व-घोषणा पत्र भरकर अपने घरों और खेतों में प्राकृतिक खेती शुरू करने का संकल्प लिया। ग्राम पंचायत द्वारा इस परियोजना के लिए 2.5 एकड़ भूमि तथा लगभग 1.42 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित सामुदायिक केंद्र भवन उपलब्ध कराने की पेशकश की गई है।

#### 2017 में हुई थी घोषणा

प्रस्तावित केंद्र में प्राकृतिक खेती अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र, मृदा परीक्षण प्रयोगशाला, प्राकृतिक खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, बीआरसी सेंटर, किसान अतिथि गृह, किसान विद्यापीठ, प्राकृतिक खेती के डिप्लोमा एवं प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम तथा किसानों के लिए नियमित प्रशिक्षण, अनुसंधान और तकनीकी मार्गदर्शन जैसी आधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। सुरेंद्र ढुल ने बताया कि इस परियोजना की अवधारणा की घोषणा अप्रैल 2017 में कैथल के हनुमान वाटिका में आयोजित सद्भावना सम्मेलन में हजारों किसानों की उपस्थिति में आचार्य देवव्रत, तत्कालीन गुजरात के राज्यपाल, द्वारा की गई थी।

---

# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत हुआ जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजौंद

उप स्वास्थ्य केंद्र बीर बांगड़ा की ओर से गांव बिरथे बाहरी में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम सिविल सर्जन डॉ. रेनू चावला के निर्देशानुसार तथा एसएमओ डॉ. संदीप सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य कार्यकर्ता रामनिवास लालर व सीमा ने महिलाओं और युवाओं को कन्या भ्रूण हत्या रोकने तथा बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए जागरूक किया। उन्होंने कहा कि बेटियां बोझ नहीं, बल्कि देश का भविष्य हैं। बावजूद इसके समाज में आज भी कन्या भ्रूण हत्या जैसे गंभीर और गैरकानूनी अपराध हो रहे हैं, जो समाज के लिए बेहद घातक हैं। इससे लिंगानुपात लगातार बिगड़ रहा है। उन्होंने पीएनडीटी एक्ट की जानकारी देते हुए बताया कि गर्भ में पल रहे शिशु का लिंग जांच करवाना और करना दोनों ही कानूनन अपराध है। इस अपराध में पहली बार पकड़े जाने पर 3 साल तक की सजा और एक लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है।



राजौंद। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के प्रति जागरूक करते स्वास्थ्य कर्मचारी।

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक करें आवेदन

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने बताया कि भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा वर्ष 2026 के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए नामांकन प्रक्रिया जारी है। इसका उद्देश्य उन बच्चों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित करना है, जिन्होंने कम उम्र में असाधारण उपलब्धियां हासिल की हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षक अभियंता ने बताया कि बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निपटारे के लिए उपभोक्ता शिकायत निवारण बिजली अदालत (फोरम) की बैठक प्रत्येक मंगलवार को आयोजित की जाएगी।

# राष्ट्रीय स्तर पर ओएसडीएवी स्कूल की छात्रा रिद्धिमा ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

गत दिनों जालंधर में आयोजित फेडरेशन इंडिया द्वारा आयोजित सब जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप में हरियाणा की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए ओएसडीएवी पब्लिक स्कूल, कैथल से कक्षा दसवीं की प्रतिभाशाली छात्रा रिद्धिमा ने राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीतकर विद्यालय, जिले और हरियाणा का नाम गौरवान्वित किया है। रिद्धिमा ने प्रतियोगिता में अपने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन और आत्मविश्वास का परिचय देते हुए कठिन मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन किया। यह उपलब्धि उसकी निरंतर मेहनत, समर्पण और नियमित अभ्यास का परिणाम है। इससे पूर्व भी रिद्धिमा ने 67–70 किलोग्राम भार वर्ग में विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। उसकी इस निरंतर सफलता ने विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों को भी खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया है। विद्यालय परिसर में रिद्धिमा के सम्मान में एक विशेष स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्य अंजु तलवाड़ ने छात्रा को पदक पहनाकर भव्य स्वागत किया। उन्होंने कहा कि रिद्धिमा की यह उपलब्धि विद्यालय के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वह भविष्य में भी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर देश और प्रदेश का नाम रोशन करेगी। प्रधानाचार्या ने छात्रा के अभिभावकों, प्रशिक्षकों को भी इस सफलता के लिए बधाई दी।



### बाबा श्री खाटू श्याम धाम एवं श्री बालाजी सालासर धाम के लिए रवाना हुए श्रद्धालु

**कैथल।** कैथल विधानसभा क्षेत्र के श्रद्धालुओं को बिना किसी आर्थिक बोझ के पावन तीर्थों के दर्शन कराने की प्रक्रिया को जारी रखते हुए विधायक आदित्य सुरजेवाला ने आज एक बार फिर 13वीं निःशुल्क बस सेवा का आयोजन किया। इस सेवा के तहत कैथल शहर के कुंज मोहल्ला, जखौली अड्डा, माता गेट, सेक्टर 19, अशोका गार्डन, पटेल नगर, राजीव नगर और गांव बुढ़ाखेड़ा से श्रद्धालु सुबह-सुबह कैथल के किसान भवन से रवाना हुए और बाबा श्री खाटू श्याम धाम तथा श्री बालाजी सालासर धाम पहुंचकर अपने आराध्य देव के दर्शन करने जा रहे हैं।

बस को हरी झंडी दिखाने के लिए विधायक आदित्य सुरजेवाला विशेष रूप से मौजूद रहे।

इस अवसर पर विधायक आदित्य सुरजेवाला ने कहा कि कैथल के लोगों की सेवा करना हमारा कर्तव्य है। किसी भी श्रद्धालु को पैसे की कमी या किसी अन्य कारण से बाबा के दर्शन से वंचित नहीं रहना पड़ेगा, यह निःशुल्क बस सेवा इन यात्रियों के लिए बहुत ही अच्छी पहल है, जो लगातार हर महीने जारी रहेगी। कैथल हल्के के लोगों की सेवा में हम सदैव अग्रसर हैं। उनका प्यार, स्नेह, आशीर्वाद और समर्थन ही हमारी असली ताकत है। यात्रा पर जा रहे श्रद्धालु राकेश गुप्ता, रेखा गुप्ता, ज्योति सिंघल ने विधायक आदित्य सुरजेवाला का हार्दिक आभार व्यक्त किया।




### पुराने मकानों का मालिकाना हक देकर सरकार ने पूरा किया सपना

**पूंडरी।** भाजपा नेता एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष विनोद बंसल ने हरियाणा सरकार द्वारा पंचायती (शामलात) भूमि पर वर्ष 2004 से पहले बने 500 वर्ग गज तक के मकानों को मालिकाना हक प्रदान करने के लिए शुरू किए गए समाधान पोर्टल का स्वागत करते हुए इसे ग्रामीणों के हित में ऐतिहासिक और जनकल्याणकारी निर्णय बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों की वर्षों पुरानी समस्याओं का स्थायी समाधान करने के लिए लगातार प्रभावी कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से हजारों परिवार अपने मकानों के मालिकाना हक को लेकर असमंजस और कानूनी परेशानियों का सामना कर रहे थे, लेकिन अब समाधान पोर्टल के माध्यम से पात्र परिवारों को कानूनी अधिकार प्राप्त करने का सरल और पारदर्शी अवसर मिलेगा। इससे ग्रामीण परिवारों को सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा मिलने के साथ-साथ बैंक ऋण, संपत्ति संबंधी दस्तावेज तथा अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में भी आसानी होगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने आवेदन प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी और समयबद्ध बनाया है।

### दीपावली तक असंध, पानीपत व पंचकूला को मिलेंगी 3 धर्मशालाएं


प्रधान बलकार सिंह।

**पूंडरी।** अखिल भारतीय रोड महासभा के राष्ट्रीय प्रधान चौ. बलकार सिंह पूंडरी ने कहा कि समाज की सेवा ही उनका एकमात्र उद्देश्य है और इसी भावना के साथ वे पिछले 25 वर्षों से समाज के बीच रहकर कार्य कर रहे हैं। कहा कि प्रधान बनने के बाद से उन्होंने कभी पद का अहंकार नहीं किया और आज तक प्रधान की कुर्सी पर भी नहीं बैठे। उनके लिए पद नहीं, बल्कि समाज की सेवा प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि समाज में कुछ ऐसे लोग भी हैं जो एकता और भाईचारे के पक्षधर नहीं हैं तथा समाज को गुमराह कर अपने निजी हित साधने का प्रयास करते हैं। लेकिन उनका संकल्प समाज को जोडऩे, नई सोच देने और विकास के मार्ग पर आगे बढ़ाने का है। उन्होंने कहा कि रोड समाज की ताकत उसकी एकजुटता में है और इसी उद्देश्य को लेकर वे लगातार कार्य कर रहे हैं। चौ. बलकार सिंह ने बताया कि इस वर्ष दीपावली तक असंध, पानीपत और पंचकूला में रोड समाज की 3 आधुनिक धर्मशालाओं का निर्माण कार्य पूरा कर समाज को समर्पित कर दिया जाएगा।

### देहरादून में श्वेता रॉयल पब्लिक स्कूल पूंडरी के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

**पूंडरी।** देहरादून के परेड ग्राउंड में आयोजित प्रतिष्ठित कियो सब-जूनियर कैडेट जूनियर कराटे चैंपियनशिप में श्वेता रॉयल पब्लिक स्कूल, पूंडरी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय और क्षेत्र का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया। प्रतियोगिता में विद्यालय के तीन छात्र-छात्राओं ने अलग-अलग भार वर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम किए। कक्षा सातवीं की रियांश ने 35 किलोग्राम भार वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। वहीं कक्षा दसवीं की वाणी ने 53 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार खेल दिखाकर गोल्ड मेडल हासिल किया। कक्षा 11वीं के अरुण ने भी दमदार प्रदर्शन करते हुए 61 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।


**पूंडरी।** विजेता खिलाड़ियों के साथ स्कूल स्टाफ।

---

### सांसद नवीन जिंदल की पहल पर ढांड में नवीन कृषि संकल्प अभियान

# किसानों की आय बढ़ाने में सहायक होगा अभियानः सतपाल जांबा

*अभियान का उद्देश्य किसानों को अन्न भंडारण के प्रति जागरूक करना*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ ढांड

अन्न भंडारण व्यवस्था के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर नवीन कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत ढांड में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूंडरी विधायक सतपाल जांबा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर, सांसद नवीन जिन्दल के विजन की सराहना करते हुए अन्न भंडारण व्यवस्था में सुधार लाने पर जोर दिया। इस मौके पर उन्होंने प्राकृतिक खेती के अपने अनुभव शेयर किए और किसानों की आय में वृद्धि करने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस अभियान के तहत ढांड में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों, कृषि वैज्ञानिकों, जनप्रतिनिधियों और कृषि विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। सांसद नवीन जिन्दल की ओर से मोबाइल मेडिकल युनिट द्वारा किसानों को स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई गई जिसमें किसानों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल ने किसानों की आय बढ़ाने के लिए एक दूरदर्शी अभियान शुरू किया है। यदि किसान वैज्ञानिक अन्न भंडारण और प्राकृतिक खेती को अपनाएंगे तो उनकी खेती धीरे-धीरे कर्जमुक्त होगी और अधिक लाभकारी बनेगी। उन्होंने कहा कि कीटनाशकों और रासायनिक खादों के अत्यधिक उपयोग से तैयार अन्न, सब्जियों और दूध के सेवन से गंभीर बीमारियां बढ़ रही हैं।



**ढांड।** विधायक सतपाल जांबा नवीन कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ करते हुए।

#### किसान हित में काम कर रहे सांसद

इस अवसर पर सांसद नवीन जिन्दल के संसदीय कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए कार्य कर रहे हैं ताकि कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के किसानों की आय बढ़ाकर सशक्त किया जा सके। सांसद नवीन जिन्दल के कैथल कार्यालय प्रभारी रविन्द्र धीमान ने सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे नवीन कृषि संकल्प अभियान से जुड़ने की किसानों से अपील करते हुए कहा कि किसान अपनी मेहनत से पैदा किए गए प्रत्येक दाने का वैज्ञानिक तरीके से भंडारण करें। सुरक्षित अन्न भंडारण से न केवल खाद्यान्न की बर्बादी रुकेगी बल्कि किसानों को अपनी उपज का बेहतर मूल्य भी मिलेगा।

#### ये रहे उपस्थित

नवीन कृषि संकल्प अभियान के दूसरे कार्यक्रम में देवेंद्र पांचाल चेयरमैन, सुभाष हजवाना, राकेश गोस्वामी, गुरनाम जाजनपुर, कृष्ण शर्मा, शशि मेहला, रणधीर सरपंच आहूं, कश्मीर, श्याम सुंदर, रघुबीर धेरडु, जसबीर गुर्जर सरपंच ढांड, प्रमोद चुहडमाजरा, राजू वाल्मीकि, ईश्वर साकरा, साहब सिंह सरपंच फरल, टिंकू जांगड़ा, कृष पूर्व सरपंच जाजनपुर, जसबीर सोलुमाजरा, बलवंत गोलन, वीरेंद्र सारण आदि उपस्थित रहे।

### आज निकलेगी पालकी यात्रा

**कैथल।** कैथल में आज श्री साईं रसोई सेवा समिति द्वारा भव्य श्री साईं पालकी यात्रा निकाली जाएगी। साई बाबा की यह भव्य पालकी सायं पांच बजे श्री साईं मंदिर नजदीक बड़ी देवी मंदिर से शुरू होकर गौशाला रोड, श्री हनुमान मंदिर पार्क रोड, कमेटी चौक से होते हुए श्री गीता भवन मंदिर के दीपक भगत हॉल कैथल पहुंचेगी। श्री साईं रसोई सेवा समिति कैथल द्वारा ढोल ढमाके से निकाली जाने वाली विशाल श्री साईं पालकी यात्रा में सैंकड़ो साई भकत नाचते झूमते हुए साई बाबा के भजन-कीर्तन, साईं नाम संकीर्तन और जयकारों लगाते हुए आगे बढ़ेंगे।

**सूचना**

मैं, विवेक सिंह पुत्र राजकुमार निवासी गांव ढिगाणा, तहसील व जिला जींद बयान करता हूं कि मेरी पुत्री साक्षी मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## प्रधानमंत्री की जींद रैली को लेकर मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष ने की बैठक

# प्रधानमंत्री मोदी का जींद आना हरियाणा के विकास में एक नया अध्याय जोड़ेगा : सीएम

**खास बातें**

- बैठक में नेताओं व पदाधिकारियों से वन टू वन बातचीत की और जरूरी दिशा निर्देश दिए
- हाइड्रोजन ट्रेन का शुभारंभ पर्यावरण संरक्षण और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को नई मजबूती देगा : डॉ. अर्चना गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 17 जुलाई की जींद रैली को ऐतिहासिक और अभूतपूर्व बनाने के लिए बुधवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और भाजपा की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने पार्टी पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में रैली की तैयारियों, संगठनात्मक व्यवस्थाओं, कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों तथा जनसंपर्क अभियान को लेकर मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष ने जरूरी दिशा निर्देश दिए। बैठक में रैली के संयोजक एवं राज्यसभा सांसद संजय भाटिया, सह संयोजक एवं प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, विधानसभा उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण मिड्ढा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, मंत्री रणबीर गंगवा, मंत्री कृष्ण पंवार, राज्यसभा सांसद सुभाष बराला, विधायक राम कुमार गौतम, विधायक योगेंद्र राणा विधायक, पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु, पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा, पूर्व मंत्री कमल गुप्ता सहित पदाधिकारी मौजूद रहे। रैली से जुड़े सभी पहलुओं पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने विस्तार से समीक्षा की। पदाधिकारियों को उनके दायित्वों के अनुसार जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक में सभी नेताओं व पदाधिकारियों ने सीएम और प्रदेश को भरोसा जताया कि प्रधानमंत्री मोदी की रैली ऐतिहासिक और भव्य होगी। सीएम और प्रदेश अध्यक्ष ने सभी जनप्रतिनिधियों और पार्टी पदाधिकारियों से वन टू वन बातचीत की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि 17 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जींद आगमन हरियाणा के विकास की दिशा में एक नया अध्याय जोड़ने वाला होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री प्रदेशवासियों को हजारों करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे, जिससे हरियाणा के आधारभूत ढांचे, परिवहन और विकास को नई गति मिलेगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को जींद से हरी झंडी दिखाया जाना हरियाणा के लिए गौरव का विषय है। यह केवल प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए आधुनिक और पर्यावरण अनुकूल परिवहन व्यवस्था की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से आग्रह किया कि वे पूरी जिम्मेदारी और समर्पण के साथ रैली की तैयारियों में जुटें। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की सबसे बड़ी शक्ति है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा को सफल एवं ऐतिहाहिसक बनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि रैली स्थल तक लोगों के आवागमन, पार्किंग, बैठने की व्यवस्था तथा अधिक से अधिक लोग रैली में आए इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि सभी पदाधिकारियों की जिम्मेदारी है कि घर-घर जाकर लोगों को प्रधानमंत्री की जनसभा में आने का निमंत्रण दें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हरियाणा लगातार विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि जींद की यह ऐतिहासिक जनसभा जनभागीदारी के नए कीर्तिमान स्थापित करेगी और प्रदेश के विकास के प्रति जनता के विश्वास को और मजबूत करेगी। डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि यह रैली पूरी तरह ईको फ्रेंडली होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेट्रोल व डीजल को बचाने की देशवासियों से अपील की है। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी यह सुनिश्चित करें कि लोग रैली में ई रिक्शा, ई बैटरी और सीएनजी वाहनों, साइकिल व ट्रैक्टर ट्रॉलियों से आएं।



जींद। बैठक को संबोधित करते हुए सीएम नायब सैनी व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

### प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर चमकाया जा रहा शहर

जींद। जींद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 17 जुलाई को प्रस्तावित दौरे की तैयारियां जोरों पर हैं। पूरे शहर को शीशे की तरह चमकाने के लिए सफाई, सौंदर्यीकरण और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर व्यापक कार्य शुरू कर दिए गए हैं। प्रशासन और पुलिस की टीमें दिन-रात लगी हुई हैं ताकि प्रधानमंत्री के स्वागत में कोई कमी न रह जाए। शहर के हर कौने और मुख्य मार्गों पर पुलिसकर्मियों की भारी तैनाती की गई है। यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए विशेष चेकिंग पोस्ट बनाए जा रहे हैं। मुख्य मार्गों पर बैरिकेडिंग, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी बढ़ा दी गई है। खासतौर पर गोहाना रोड पर सुरक्षा के लिहाज से ब्रेकर हटा दिए गए हैं, जिससे वाहनों की आवाजाही सुगम हो सके। गोहाना रोड पर ही वृक्षों की कटाई व छंटाई का कार्य भी तेजी से शुरू हो गया है। प्रशासन का कहना है कि सड़क को चौड़ा करने और दौरे के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए यह कदम उठाया गया है। सड़क किनारे पुराने पेड़ों की छंटाई की गई है। शहर के प्रमुख चौराहों, सरकारी भवनों और स्वागत स्थलों पर रंग-बिरंगी रोशनियों को भी ठीक करने का काम किया जा रहा है। नगर परिषद की टीमें लगातार सफाई अभियान चला रही हैं। कूड़ा करकट हटाने, गड्ढे भरने और दीवारों पर पुताई का काम चल रहा है। वहीं प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर सभी विभागों को अलर्ट मोड पर रखा गया है। स्वास्थ्य, बिजली, पानी और यातायात विभाग पूरी तरह तैयार हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधि और भाजपा कार्यकर्ता भी सक्रिय रूप से तैयारियों में जुटे हुए हैं। प्रधानमंत्री के इस दौरे को लेकर जींदवासियों में उत्साह का माहौल है।





जींद। गोहाना रोड से हटवाए गए ब्रेकर तथा पेड़ों की छंटाई करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## सरकारी भवनों की दीवारों पर स्लोगन हों, ट्रांसफार्मरों को दुरुस्त करवाएं





जींद। बैठक में दिशा-निर्देश देते एवं सभा स्थल का निरीक्षण करते हुए हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी।

- रैली को लेकर मुख्य सचिव ने की अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक, रूट प्लान की विस्तार से ली जानकारी, समय पर कार्य पूरे करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने कहा कि प्रधानमंत्री देश की सबसे महत्वपूर्ण एवं पहली हाइड्रोजन संचालित ट्रेन को हरी झंडी दिखा कर रवाना करेंगे। इसके साथ कई परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास भी करेंगे। अधिकारी कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर किसी भी स्तर पर ढिलाई न बरतें। संबंधित विभाग आपसी तालमेल से प्रधानमंत्री के आगामन से जुड़ी सुरक्षा व्यवस्था, रूट प्लान, यातायात, हेलीपेड, कार्यक्रम स्थल तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करें।

हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 17 जुलाई को जींद में प्रस्तावित दौरे को लेकर बुधवार को जींद में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। बैठक में मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय बना कर कार्य करें और प्रत्येक व्यवस्था का समय-समय पर निरीक्षण करते रहें ताकि किसी भी स्तर पर कोई कमी न रहे। बैठक में सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग, ट्रैफिक प्रबंधन, चिकित्सा सुविधाएं, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, स्वच्छता तथा अन्य आवश्यक प्रबंधों की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सभी तैयारियां निर्धारित समय सीमा में पूरी कर ली जाएं तथा प्रत्येक बिंदु पर विशेष सतर्कता बरती जाए। उन्होंने कहा कि रूट प्लान पर जितने भी सरकारी भवन है उनकी दीवारों पर शिक्षा सम्बधी तथा केंद्र व राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के हित में जो भी योजनाएं संचालित हैं उनके स्लोगन लिखवाएं इसके अलावा दीवारों पर व्हाइट वॉश करवा कर उनको भव्य बनवाएं। उन्होंने कहा कि रानी तालाब जींद का प्राचीन व ऐतिहासिक स्थल है, लिहाजा इसको भव्य व सुंदर बनाने में कोई कोर कसर न रखें। उन्होंने कहा कि शहर के सभी मुख्य चौक चौराहों पर व्हाइटवॉश व प्रतिमाओं पर साफ-सफाई करवाई जाए। प्रधानमंत्री के रूट चार्ट के हिसाब से सड़कों को दुरूस्त करवाना सुनिश्चित करें। रास्ते में सभी बिजली की तारों, ट्रांसफार्मरों को दुरूस्त करें। रैली में पहुंचने वाले लोगों की सुविधा के लिए पार्किंग व्यवस्था सभा स्थल के यथा सम्भव नजदीक बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि रैली आयोजन के दिन आमजन को आवागमन में असुविधा ना हो, इसके लिए विशेष ट्रैफिक एडवाइजरी भी जारी करें। सभा स्थल के नजदीक पुरुष व महिलाओं के लिए अलग-अलग मोबाइल शौचालयों की सुविधा भी रखें। सभा स्थल पर मीडिया, एलईडी स्क्रीन इत्यादि के लिए अलग-अलग इंटरनेट कनेक्टिविटी, फाइबर कनेक्शन व वाईफाई की बेहतर व्यवस्था रखें। डीसी डा. वैशाली शर्मा ने मुख्य सचिव को आश्वस्त किया कि प्रधानमंत्री के प्रस्तावित आयोजन बारे उनके द्वारा दिये गए निर्देशों की अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित की जाएगी।

### मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने किया सभा स्थल का दौरा

बैठक से पहले हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने सभी अधिकारियों के साथ रेलवे स्टेशन, सभा स्थल, हेलीपैड स्थल तथा प्रधानमंत्री के प्रस्तावित रूट का दौरा किया। सभी स्थानों का बारीकी से मुआयना किया और मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अपने दौरे के दौरान उन्होंने कहा कि संबंधित विभागों के अधिकारी सभी तैयारियां समय रहते मुकम्मल करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि 17 जुलाई को प्रस्तावित जनसभा में आने वाले लोगों को किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए।

### बैठक में ये रहे उपस्थित

बैठक में उनके साथ सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के आयुक्त एवं सचिव डा. अमित अग्रवाल, महानिदेशक के मकरंद पांडुरंग, हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम के प्रबंधक निदेशक डा. आदित्य दहिया, करनाल डिवीजन के कमिश्नर राजीव रतन, हिसार डिवीजन की कमिश्नर गीता भारती, हिसार रेंज के आईजी कुलदीप सिंह, पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह, एडीसी प्रदीप कुमार, एसडीएम सत्यवान सिंह मान, डीएमसी अनिल दून, नगराधीश मोनिका रानी सहित जिला प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे।

## दहेज उत्पीड़न के बाद विवाहिता को दिया जहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

- पति सहित छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

उचाना थाना क्षेत्र के गुरुकुल खेड़ा गांव में दहेज उत्पीड़न और जहर देने का मामला सामने आया है। उचाना थाना पुलिस ने पति सहित छह लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

गांव ढाकल निवासी मनमीत ने मरने से पहले उचाना थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी शादी तीन माह पहले गुरुकुल खेड़ा निवासी अंकुश के साथ हुई थी। शादी के कुछ दिनों बाद ही ससुराल वालों ने दहेज की मांग शुरू कर दी।

मनमीत ने आरोप लगाया कि पति अंकुश, सास शर्मिला, दादी बेदो, ननद गुलिया, सीमा और अनिरुद्ध ने मिलकर उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया। वे उसे भूखी कह कर ताने मारते थे और कहते थे कि घर से क्या लेकर आई हो। दहेज में दी गई गाड़ी के अलावा बड़ी गाड़ी, 20 लाख नगद और 10 तोले सोना मांगा जा रहा था। मांग पूरी न होने पर अंकुश ने कथित तौर पर उसका यौन शोषण भी किया। गत चार जुलाई को दादी बेदो और ननद गुलिया ने उसे पकड़े रखा और अंकुश ने उसे जहरीली दवा पिला दी। यह साजिश सास शर्मिला ने रची थी। जिससे उसकी तबीयत खराब हो गई। गंभीर हालात में उसे उपचार के लिए उचाना अस्पताल लाया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। उचाना थाना पुलिस ने मनमीत की शिकायत पर पति अंकुश, शर्मिला, बेदो, गुलिया, सीमा और अनिरुद्ध के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 85, 123, 316 (2) और 3 (5) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## विकास परियोजनाओं को पूरा करवाना हो प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन

पूर्व राज्यसभा सांसद एवं पूर्व विधायक ईश्वर सिंह ने कहा कि किसी भी क्षेत्र का समग्र विकास केवल नई घोषणाएं करने से नहीं, बल्कि पहले से स्वीकृत एवं लंबित विकास परियोजनाओं को समय पर पूरा करने से संभव है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों की प्राथमिकता ऐसी योजनाओं को धरातल पर उतारना होनी चाहिए, ताकि आम लोगों को उनका वास्तविक लाभ मिल सके। सीवन में युवा



समाजसेवी सुधीर मिड्ढा के कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए ईश्वर सिंह ने कहा कि अपने विधायक कार्यकाल के दौरान उन्होंने गुहला विधानसभा क्षेत्र के विकास को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को स्वीकृति दिलवाई थी। उन्होंने बताया कि सीवन के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पुनर्निर्माण के साथ चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों के लिए आवासीय भवनों की योजना स्वीकृत करवाई गई थी, ताकि अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके और मरीजों को बेहतर इलाज मिल सके। पीडल-टटियाना बाईपास, चीका बस स्टैंड तथा कैथल-पटियाला फोरलेन जैसी महत्वपूर्ण सड़क एवं परिवहन परियोजनाओं को भी मंजूरी दिलाई गई थी। पूर्व सांसद ने कहा कि दुर्भाग्यवश इनमें से कई योजनाएं आज भी अधूरी पड़ी हैं। इन परियोजनाओं को जल्द पूरा करवाने के लिए सरकार के समक्ष लगातार पैरवी किए जाने की आवश्यकता है। इसलिए वर्तमान और पूर्व जनप्रतिनिधियों सहित सभी जिम्मेदार नागरिकों को राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर जनहित के इन कार्यों को पूरा करवाने के लिए एकजुट होकर प्रयास करने चाहिए। ईश्वर सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य, सड़क और परिवहन जैसी मूलभूत सुविधाओं का सीधा संबंध आम नागरिक के जीवन स्तर से होता है।

### लोन ट्रांसफर कराने का झांसा दे ट्रक हड़पा

कैथल। लोन ट्रांसफर कराने का झांसा देकर एक ट्रांसपोर्ट कारोबारी का ट्रक हड़प लिया। आरोप है कि बैंक मैनेजर ने अपने दो परिचितों के साथ मिलकर ट्रक की बची हुई किस्तें भरने और लोन अपने नाम ट्रांसफर कराने का भरोसा दिया, लेकिन ट्रक लेने के बाद न तो किस्तें जमा करवाईं और न ही वाहन लौटाया। शिकायत की जांच में आरोप सही मिलने पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने बैंक मैनेजर सहित 3 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में में केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव ढयोड़खेड़ी निवासी जसविंद्र ने बताया कि उसकी जसविंद्र ट्रेडिंग पोल्ट्री के नाम से फर्म है। उसने अप्रैल 2025 में आयसर कंपनी का एक ट्रक खरीदा था, जिस पर इंडसइंड बैंक से लोन लिया हुआ है। ट्रक की 59 मासिक किस्तों में से वह 12 किस्तें जमा कर चुका था। 30 अप्रैल 2026 को बैंक के तत्कालीन ब्रांच मैनेजर रवि का फोन आया। उसने कहा कि वह ट्रक को अपने परिचित को दिलवा देगा और शेष लोन भी उसी के नाम ट्रांसफर करवा देगा। इसके बाद उसकी मुलाकात विक्रम और इस्लाम से करवाई, लेकिन उन्होंने ट्रक लेने पर किस्तें नहीं भरी।

### सवा लाख रुपये हड़पने का आरोपित गिरफ्तार

जींद। शहर थाना सफीदों पुलिस ने दुकान की सौदेबाजी कर नौ लाख 24 हजार 200 रुपये हड़पने के एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। सफीदों के वार्ड चार निवासी सुशील ने गत 15 मार्च को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसकी पीर बाबा के पास दुकान है। गांव खेड़ाखेमावती निवासी अंकित तथा रवि उसके पास आए। दोनों आरोपितों ने कहा कि उन्होंने बगल में पड़ी दुकान को खरीद लिया है। दुकान को किराये पर देना चाहते हैं। आरोपितों ने दुकान को किराया एक लाख रुपये बताया। दुकान की रजिस्ट्री अंकित के नाम बताई। उसने 15 सितंबर 2025 तक किरायानामा लिखवा लिया गया। कुछ समय के बाद अंकित उसके पास आया और कहा कि उसे दुकान को बेचना है। जिसकी कीमत 35 लाख रुपये रखी गई। सब कुछ तय होने के बाद उसने सात लाख रुपये अंकित को दे दिए गए। बकाया राशि रजिस्ट्री के समय देने को कहा। फिर बाद में रजिस्ट्री बैंक में रखी होने की बात कह कर दो लाख 24 हजार 200 रुपये और ले लिए। जनवरी 2026 मे रवि दुकान पर आया और दुकान खाली करने के लिए कहा।



कैथल। भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी को ज्ञापन सौंपते निजी स्कूल संचालक।

### एमआईएस पोर्टल बंद होने पर निजी स्कूल संचालकों ने जताया रोष, भाजपा जिलाध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

कैथल। निजी स्कूल संचालक संघ की महत्वपूर्ण बैठक संघ के प्रधान कुलदीप बिढाण के नेतृत्व में आयोजित की गई, जिसमें जिले के सभी सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में निजी विद्यालयों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक का मुख्य विषय शिक्षा विभाग द्वारा निजी विद्यालयों पर रिव्यू की प्रक्रिया लागू किए जाने तथा अनेक विद्यालयों के एमआईएस पोर्टल बंद किए जाने का रहा। सदस्यों ने कहा कि इन निर्णयों के कारण विद्यालयों के नियमित प्रशासनिक कार्य, प्रवेश प्रक्रिया एवं अन्य आवश्यक गतिविधियाँ प्रभावित हो रही हैं। सभी सदस्यों ने इस विषय पर अपनी चिंता व्यक्त करते हुए शीघ्र समाधान की मांग की। बैठक के उपरांत संघ के सभी सदस्यों ने जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया तथा आग्रह किया कि इन मुद्दों को शिक्षा विभाग एवं सरकार के समक्ष प्रभावी ढंग से उठाया जाए, ताकि निजी विद्यालयों को अनावश्यक परेशानियों से राहत मिल सके। कुलदीप बिढाण ने कहा कि निजी विद्यालय शिक्षा व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। यदि किसी भी प्रकार की समस्या आती है, तो संघ सभी विद्यालयों के हितों की रक्षा के लिए एकजुट होकर आवाज उठाता रहेगा और आवश्यक होने पर आगे की रणनीति भी तय की जाएगी। बैठक में लाभ सिंह लैलर, गौतम बंसल, रमेश ढिल्लों, कुलदीप पुनिया, मंगल, गुरुदेव सिंह, रमेश चंद, हरपाल धांधा, सतबीर सहरान, राम दिया, महेंद्र, राजेंद्र ढुल सहित निजी स्कूल संचालक संघ के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

## खेतों के नए बिजली कनेक्शन व 100 रुपये में लोड बढ़ाने की योजना तुरंत शुरू हो : राजीव आर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल। युवा भाकियू जिलाध्यक्ष राजीव आर्य ढांड पत्रकारों से बातचीत करते हुए।

भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के कैथल जिला प्रधान राजीव आर्य ढांड ने सरकार और विद्युत विभाग से किसानों के हित में खेतों के नए बिजली कनेक्शन तथा 100 रुपये में लोड बढ़ाने की विशेष योजना को तत्काल शुरू करने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि विभाग द्वारा प्रक्रिया में अनावश्यक देरी किए जाने से धान की फसल पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। पत्रकारों से बातचीत करते हुए किसान नेता राजीव आर्य ने कहा कि प्रदेश में धान की रोपाई का सीजन शुरू हो चुका है। हजारों किसानों ने नए ट्यूबवेल बिजली कनेक्शन और खेतों का लोड बढ़वाने के लिए आवेदन कर रखा है, लेकिन विभागीय स्तर पर फाइलें लंबित पड़ी हैं। इससे किसानों को समय पर सिंचाई की सुविधा नहीं मिल पा रही और फसलों के प्रभावित होने का खतरा बढ़ गया है। किसान नेता राजीव आर्य ने मांग करते हुए कहा कि जिन किसानों ने नए ट्यूबवेल कनैक्शन के लिए आवेदन किया है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर बिना किसी देरी के कनेक्शन जारी किए जाएं।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

**मिशन एडमिशन** 12 जुलाई तक किए जा सकेंगे ऑनलाइन आवेदन

## उच्चतर शिक्षा विभाग ने फिर से जारी किया स्नातक दाखिले का शेड्यूल

पहली मेरिट सूची 21 व 22 जुलाई और दूसरी मेरिट सूची 28 और 29 जुलाई तक जारी की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

प्रदेश के सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त (एडेड) और सेल्फ फाइनेंस कॉलेजों में स्नातक (यूजी) दाखिलों का शेड्यूल एक बार फिर बदल दिया गया है। उच्चतर शिक्षा विभाग ने इस सत्र में तीसरी बार दाखिला प्रक्रिया के कार्यक्रम में संशोधन करते हुए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 12 जुलाई कर दी है। पहले आवेदन प्रक्रिया 30 जून तक थी, जिसे बाद में बढ़ाया गया और अब फिर संशोधित शेड्यूल जारी किया गया है। इसके चलते पहले 9 जुलाई को प्रस्तावित पहली मेरिट सूची अब 21 जुलाई को जारी होगी। इससे नए शैक्षणिक सत्र की कक्षाएं भी देरी से शुरू होने की संभावना है। बता दें कि जिले में 15 सरकारी व निजी कॉलेजों की 9500 सीटों पर अब तक करीब साढ़े 16 हजार आवेदन आ चुके हैं।

संशोधित शेड्यूल के अनुसार विद्यार्थी 12 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। जबकि 13 जुलाई तक आवेदन में संशोधन (एडिटिंग) का अवसर मिलेगा। कॉलेजों द्वारा दस्तावेजों का सत्यापन और आपत्तियों का निस्तारण 18 जुलाई तक किया जाएगा। इसके बाद 20 जुलाई को सभी आवेदकों की सूची और आपत्तियां प्रदर्शित की जाएंगी तथा 21 जुलाई को पहली मेरिट सूची जारी होगी। पहली मेरिट सूची के आधार पर दाखिला प्रक्रिया पूरी होने के बाद बची सीटों के लिए दूसरे चरण की प्रक्रिया भी चलाई जाएगी। इसके लिए 5 अगस्त को पोर्टल दोबारा खोला जाएगा। दूसरी मेरिट सूची 6 से 12 अगस्त तक जारी रहेगी और अंतिम मेरिट सूची 13 अगस्त को प्रकाशित होगी। दूसरे चरण के विद्यार्थियों को 19 अगस्त तक फीस जमा कराने का अवसर मिलेगा। इसके बाद भी यदि सीटें खाली रहती हैं तो लेट फीस के साथ फिजिकल काउंसलिंग के माध्यम से दाखिले किए जाएंगे। विद्यार्थियों का का कहना है कि शेड्यूल में बार-बार बदलाव से दाखिला प्रक्रिया लंबी होती जा रही है। मेरिट सूची में देरी का सीधा असर नए शैक्षणिक सत्र पर पड़ेगा। उन्हें भी कॉलेज आवंटन का इंतजार करना पड़ेगा, जिससे नियमित कक्षाएं समय पर शुरू होना मुश्किल माना जा रहा है।

### यूं रहेगा संशोधित एडमिशन शेड्यूल

| प्रक्रिया | तिथि |
|---|---|
| ऑनलाइन एडमिशन पोर्टल पर आवेदन | 12 जुलाई |
| ओटीपी के माध्यम से आवेदन पत्र में संशोधन | 13 जुलाई |
| दस्तावेज सत्यापन एवं आपत्तियों/त्रुटियों का निस्तारण | 18 जुलाई |
| सभी आवेदनों की सूची व आपत्तियां/त्रुटियां प्रदर्शित | 20 जुलाई |
| पहली मेरिट सूची होगी जारी | 21 व 22 जुलाई |
| पहली मेरिट सूची में जमा होगी | 23 से 27 जुलाई |
| दूसरी मेरिट सूची होगी जारी | 28 व 29 जुलाई |
| दूसरी मेरिट सूची में जमा होगी | 30 से 03 अगस्त |
| फिजिकल काउंसलिंग होगी शुरू | 04 अगस्त से |
| फिजिकल काउंसलिंग के पोर्टल दोबारा होगा शुरू | 06 से 12 अगस्त |
| लेट फीस के साथ होंगे दाखिले | 13 से 09 अगस्त |

### 21 को जारी होगी पहली मेरिट सूची : प्राचार्य

डा. भीमराव अंबेडकर राजकीय कालेज के प्राचार्य मनोज भांभू ने बताया कि उच्चतर शिक्षा ने दो दिन पहले ही दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया के लिए अंतिम तिथि का समय बढ़ाया था। इसके तहत अब बुधवार को ही मेरिट सूची का नया शेड्यूल जारी किया गया है। अब 9 की बजाय 21 जुलाई को पहली मेरिट सूची जारी होगी।